Title: Need to clear the proposals of Govt. of Himachal Pradesh for development of sports in the State − Laid.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान हिमाचल प्रदेश के अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। जैसाकि आपको विदित है हिमाचल प्रदेश पहाड़ी एवं पिछड़ा क्षेत्र है, लेकिन खेल प्रतिभाओं की वहां कमी नहीं है। आवश्यकता सिर्फ उनको निखारने हेतु खेल सुविधायें मुहैया कराने की है।

मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश सरकार के आयुक्त एवं सचिव (युवा सेवाएं एवं खेल) विभाग ने युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार को स्वीकृति एवं सहायता प्रदान करने हेतु बिलासपुर-हि.प्र. में 400 मीटर एथलैटिक ट्रेक निर्माण, हमीरपुर में इनडोर स्टेडियम निर्माण, टौणी देवी जिला बिलासपुर में इनडोर स्टेडियम निर्माण, ऊना में तरणताल (स्वीमिंग पूल) निर्माण, हमीरपुर में खेल अकादमी स्थापित करने की परियोजना की स्वीकृति एवं हि.प्र. के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में खेल के मैदानों का विकास करने एवं खेल सामग्री क्रय करने हेतु 67 प्रकरण प्रेषित किए हैं, लेकिन वे अभी तक लंबित हैं। मेरा आग्रह है कि शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाये।